**<u>प्रेस नोट</u>**
**<u>दिनांक-27.09.2025</u>**

**!!  एसओजी टीम व थाना सादाबाद पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में थाना सादाबाद क्षेत्रांतर्गत शादी समारोहों के दौरान रुपये/आभूषण के थैले/बैग छीनने की घटनाओं में शामिल बदमाश से हुई पुलिस मुठभेड़ के उपरान्त आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी फायरिंग में 01 इनामिया अभियुक्त गोली लगने से घायल/गिरफ्तार, कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस व 01 खोखा कारतूस 315 बोर, एक मोटर साईकिल टीवीएस अपाछे बरामद। !! **

**गिरफ्तार अभियुक्त दीपक 25000/- हजार रूपये के इनामिया बदमाश है।**

आज दिनांक 27.09.2025 को पुलिस अधीक्षक हाथरस श्री चिरंजीव नाथ सिन्हा के आदेशानुसार लूट/छिनैती/चौरी आदि घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने हेतु चलाये जा रहे संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग अभियान के क्रम में थाना सादाबाद पुलिस को चैकिंग के दौरान मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि थाना सादाबाद क्षेत्रान्तर्गत शादी समारोहों में हुई लूट व छिनैती की घटनाऐ कारित करने के मुकदमों में वांछित बदमाश हाथरस से सलेमपुर की तरफ जाने की फिराक में है, और कोई बडी घटना कारित कर सकते है। उक्त सूचना थाना सादाबाद पुलिस व एसओजी टीम द्वारा सलेमपुर पुलिस पर चेकिंग की जा रही थी, चेकिंग के दौरान एक मोटरसाईकिल पर सवार 02 संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिया। पुलिस टीम द्वारा उक्त संदिग्ध व्यक्ति/बदमाशों को रोकने का प्रयास किया परन्तु वह नहीं रुके। पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी करने का प्रयास किया किन्तु बदमाशो द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायरिंग करने लगे।

पुलिस टीमों द्वारा लगातार घेराबंदी करते हुये हाथरस- सादाबाद रोड से सलेमपुर जाने वाले रास्ते पर थाना सादाबाद पुलिस व एसओजी टीम की बदमाश से हुई पुलिस मुठभेड के उपरान्त आत्मरक्षार्थ की गयी जवाबी फायरिंग में 01 अभियुक्त 1. दीपक पुत्र राकेश घायल/गिरफ्तार हुआ है, एक अन्य साथी अंधेरे/झाडियों का फायदा उठाकर भाग गया। घायल अभियुक्त को तत्काल उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया। फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम द्वारा कांबिंग की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर, 01 जिंदा कारतूस व 01 खोखा कारतूस 315 बोर व एक मोटर साईकिल टीवीएस अपाछे बरामद हुई है।

ज्ञात हो थाना सादाबाद क्षेत्रान्तर्गत शादी समारोहों के दौरान हुई लूट/छिनैती की घटनाओं का थाना सादाबाद पुलिस व एसओजी टीम द्वारा दिनांक 26.02.2025 को सफल अनावरण करते हुए घटना कारित करने वाले 04 अभियुक्तगण भोला उर्फ भूपेंद्र, गजेंद्र उर्फ गज्जू, केशव व हरेन्द्र चौहान तथा दिनांक 25.04.2025 को उक्त घटनाओं में शामिल 2 अभियुक्त प्रवीण त्यागी व शेर खान उर्फ अंशू सहित कुल 06 अभियुक्तों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

नोट- पुलिस अधीक्षक हाथरस द्वारा अभियुक्त दीपक उपरोक्त की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु दिनांक 27.02.2025 को 25000/- हजार रूपये का इनाम घोषित किया गया था।

▶ घायल/गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म का अपराधी हैं। अभियुक्त द्वारा आगरा, मथुरा, हाथरस, राजस्थान इत्यादि स्थानों पर चोरी/लूट/छिनैती की घटना कारित है। घायल अभियुक्त दीपक के विरुद्ध करीब डेढ दर्जन से अधिक अभियोग हत्या का प्रयास, लूट, छिनैती, चोरी, गैंगेस्टर, शस्त्र अधिनियम आदि संगीन धाराओं में अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त दीपक उपरोक्त से विस्तृत पूछताछ की जा रही है

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता-

1- दीपक उर्फ दीपू पुत्र राकेश निवासी लौह करेरा थाना सिकन्दरा जनपद आगरा।

बरामदगी का विवरण-
1. 01 तमंचे 315 बोर।
2. 01 जिंदा कारतूस व 01 खोखा कारतूस 315 बोर।
3. 01 मोटर साईकिल टीवीएस अपाछे।

आपराधिक इतिहास अभियुक्त दीपक उर्फ दीपू उपरोक्त-
1.मु0अ0सं0 78/2025 धारा 303(2),317(2),61(2) बीएनएस थाना सादाबाद जनपद हाथरस।
2.मु0अ0सं0 102/2025 धारा 304(2),317(2),61(2) बीएनएस थाना सादाबाद जनपद हाथरस।
3.मु0अ0सं0 224/2020 धारा 379/411 भादवि थाना अछनेरा कमिश्नरेट आगरा ।
4.मु0अ0सं0 227/2020 धारा 379/411 भादवि थाना अछनेरा कमिश्नरेट आगरा ।
5.मु0अ0सं0 236/2020 धारा 392/411 भादवि थाना अछनेरा कमिश्नरेट आगरा ।
6.मु0अ0सं0 239/2020 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना अछनेरा कमिश्नरेट आगरा ।
7.मु0अ0सं0 54/2024 धारा 34/392/411 भादवि थाना अछनेरा कमिश्नरेट आगरा।
8.मु0अ0सं0 208/2019 धारा 392/411 भादवि थाना कागारौल कमिश्नरेट आगरा।
09.मु0अ0सं0 127/2025 धारा 115(2),191(2) बीएनएस थाना कागारौल कमिश्नरेट आगरा।
10.मु0अ0सं0 44/2020 धारा 392/411 भादवि थाना मलपूरा कमिश्नरेट आगरा ।
11.मु0अ0सं0 860/2022 धारा 392/411/413 भादवि थाना सिकन्दरा कमिश्नरेट आगरा ।
12.मु0अ0सं0 862/2022 धारा 307 भादवि थाना सिकन्दरा कमिश्नरेट आगरा ।
13.मु0अ0सं0 863/2022 धारा 25/3 आर्म्स एक्ट भादवि थाना सिकन्दरा कमिश्नरेट आगरा ।
14.मु0अ0सं0 104/2020 धारा 392/411 भादवि थाना फतेहपुर सिकरी कमिश्नरेट आगरा ।
15मु0अ0सं0 328/2020 धारा 2/3 उ० प्र० गिरोहबन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1986 थाना फतेहपुर सिकरी कमिश्नरेट आगरा ।
16.मु0अ0सं0 38/2024 धारा 379/411 भादवि थाना फरह जनपद मथुरा।
17. मु0अ0सं0 98/2020 धारा 392/411 भादवि थाना रिफाईनरी जनपद मथुरा।
18.मु0अ0सं0 24/2020 धारा 379/411 भादवि थाना रुपवास जनपद भरतपुर राजस्थान।

गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम के नाम–
1. थाना प्रभारी श्री योगेश सिंह मय टीम थाना सादाबाद जनपद हाथरस।
2. उ0नि0 श्री धीरज गौतम प्रभारी एसओजी टीम मय टीम जनपद हाथरस।

MEDIA CELL HATHRAS